

नागोया और जापान ने क्रिकेट के इतिहास में गर्व का एक नया अध्याय लिखा है। इस पल के लिए शानदार अभियान के लिए भारतीय टीम को बधाई और हर उस देश का दिल से धन्यवाद जिसने इसमें हिस्सा लिया। **– जय शाह**

आईसीसी अध्यक्ष, भारतीय टीम को बधाई देते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



श्रेयस अय्यर

भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने एशियाई खेलों के फाइनल में पाकिस्तान पर मिली जीत को सामूहिक प्रयास का नतीजा करार देते हुए कहा कि अगर मुझे किसी शब्द का उपयोग करना है, तो मैं परमानंद ही कहूंगा क्योंकि जिस दिन से हम जापान पहुंचे, बारिश हो रही थी और हम लगभग एक सप्ताह तक अभ्यास नहीं कर सके। लेकिन लड़कों ने, जिस तरह से उन्होंने खुद को तैयार किया और साथ ही साथ अपनी ट्रेनिंग भी कर रहे थे, हमने कोई शिकायत नहीं की, हमने कोई कारण नहीं बताया। तो यह एक चैंपियन की ही निशानी थी, चैंपियन टीम। और आज तो बस उसी का प्रतिबिम्ब था।

क्या आप जानते हैं ?... एशियन गेम्स 2026 में भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए कुल 85 पदक अपने नाम किए। हालांकि भारतीय टीम पिछले संस्करण (हांगझोउ 2023) के अपने रिकॉर्ड 107 पदकों के आंकड़े को पार नहीं कर सकी।

भारत ने पाकिस्तान को हराकर जीता पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण

निशिन, 3 अक्टूबर। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया है। भारत ने शनिवार को पुरुष क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में पाकिस्तान को 19 रनों से शिकस्त दी। भारत ने निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क 212 का टारगेट दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने छह गंवाकर 192 रन बनाए। यह भारत का मौजूदा एशियन गेम्स में 19वां गोल्ड है। पाकिस्तान के लिए हसन नवाज ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 51 गेंदो में 96 रनों की पारी खेली, जिसमें पांच चौके और सात छक्के हैं। एक समय मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया था। पाकिस्तान को तीन ओवर मे 52 रन की जरूत दी थी लेकिन भारत ने जबर्दस्त गेंदबाजी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने सधी शुरुआत की। कप्तान साहिबजादा फरहान (11 गेंदों में 10) और माज सदाकत ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। यह साझेदारी वॉशिंगटन सुंदर ने चौथे ओवर में फरहान को पवेलियन भेजकर तोड़ी।



नवाज और अयूब ने बढ़ाई भारत की टेंशन

जल्द ही पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 39 हो गया। अक्षर पटेल ने पांचवें ओवर में विकेटकीपर उसमान खान (6 गेंदों में 3) और सातवें ओवर में सदाकत का शिकार किया। सदाकत ने 18 गेंदों में 23 रन बनाए, जिसमें तीन चौके हैं। इसके बाद, हसन नवाज और सईम अयूब ने चौथे विकेट के लिए 87 रनों की पार्टनरशिप की और काफी देर तक भारत की टेंशन बढ़ाई रखी। अयूब को शिवम दुबे ने 15वें ओवर में अपने जाल में फंसाकर भारत को राहत दिलाई। उन्होंने 22 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन जुटाए। अब्दुल समद ने 9 गेंदों में 9 रन बनाए। उनका सुंदर ने 18वें ओवर में शिकार किया। पाकिस्तान को अंतिम दो ओवर में 44 रन चाहिए थे। सुंदर ने 19वें ओवर में सिर्फ 11 रन दिए। पाकिस्तान को 20वें ओवर में 33 रन की दरकार थी मगर दुबे ने 13 रन खर्च किए। उन्होंने मैच की आखिरी गेंद पर नवाज को आउट किया। साद मसूद 5 गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

वैभव सर्यवंशी से लेकर सैमसन स्सते में आउट

इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 211 रन जुटाए। यह भारत का 20 में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। वैभव सर्यवंशी 9 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें दो सिक्स हैं। उन्हें तीसरे ओवर में सईम अयूब ने पवेलियन भेजा। सूर्यवंशी ने अभिषेक शर्मा के साथ 28 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। संजू सैमसन (4 गेंदों में 2) भी सस्ते में लौटे। उन्हें अहमद दानियाल ने चौथे ओवर में आउट किया।

अभिषेक और तिलक ने लगाई तूफानी फिफ्टी

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने तूफानी अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 28 गेंदों में तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी की। अभिषेक को अराफात मिन्हास ने आठवें ओवर में स्टंप आउट कराया। अराफात ने 14वें ओवर में ईशान किशान (18 गेंदों में 20, तीन चौके) का शिकार किए। ईशान ने अय्यर के साथ चौथे विकेट के लिए 35 रन जोड़े। भारत को पांचवां झटका अय्यर के रूप में लगा। उन्होंने 24 गेंदों में दो चौकों के जरिए 21 रन बटोरे। उन्हें अबरार अहम ने 15वें ओवर में अपना शिकार बनाया। अय्यर जब लौटे, तब भारत का स्कोर 133 था। इसके बाद, शिवम दुबे और तिलक वर्मा ने तूफानी बैटिंग की। दोनों ने छठे विकेट लिए 30 गेंदों में 62 रन जोड़े। दानियाल ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर दुबे को आउट किया। उन्होंने 15 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की बदौलत 27 रन की पारी खेली। उपकप्तान तिलक 22 गेंदों में 51 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने तीन चौके और चार छक्के ठोके। भारत ने आखिरी चार ओवर में 69 रन बटोरे।

// एशियाई खेल //

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर जीता स्वर्ण

आइची-नागोया, 3 अक्टूबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इतिहास रचते हुए एशियाई खेल 2026 में स्वर्ण पदक जीत लिया। शनिवार को गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारत ने मलेशिया को 5-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत ने पहली बार एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी का स्वर्ण लगातार दूसरी बार जीता है। यह एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी में भारत का पांचवां स्वर्ण है। इससे पहले भारत ने 1966, 1998, 2014 और 2022 में स्वर्ण



पदक जीता था। 2022 के बाद 2026 में भी खिताब जीतकर भारत ने लगातार दो एशियाई खेलों में चैंपियन बनने की उपलब्धि हासिल की। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। साथ ही पहली बार किसी एक एशियाई खेल में भारत की पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने स्वर्ण पदक जीता है। शुक्रवार को भारतीय महिला टीम ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण जीता था। इस तरह हॉकी, कबड्डी और क्रिकेट के बाद एशियाई खेलों के एक ही संस्करण में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण जीतने वाला भारत का तीसरा टीम खेल बन गया।

पदक तालिका

क्रम	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1	चीन	169	89	83	341
2	जापान	83	85	91	269
3	द. कोरिया	39	43	68	150
4	भारत	21	27	37	85

पंघाल ने महिला 53 किग्रा. वर्ग में जीता रजत



आइची-नागोया, 3 अक्टूबर। भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल ने एशियाई खेल 2026 में महिला 53 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। शनिवार को खेले गए स्वर्ण पदक मुकाबले में अंतिम को जापान की मोए कियोका ने अंकों के आधार पर 9-1 से हराया। इसके बावजूद अंतिम ने इस वर्ग में भारत के लिए एशियाई खेलों का पहला रजत पदक हासिल किया। वह 2022 के एशियाई खेलों में इसी वर्ग में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। स्वर्ण पदक मुकाबले में जापानी पहलवान ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा और अंतिम को वापसी का ज्यादा मौका नहीं दिया। अंतिम को 1-9 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नीरज ने धीरज को हराकर पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता कांस्य



आइची-नागोया, 3 अक्टूबर। भारतीय तीरंदाज नीरज चौहान ने एशियाई खेलों की पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में नीरज ने हमवतन धीरज बोम्मदेवरा को 6-4 से हराया। इसके साथ ही नीरज व्यक्तिगत रिकर्व में पदक जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए।


भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने 97 किग्रा. वर्ग में जीता कांस्य

60 साल बाद 97 किग्रा. वर्ग में भारत को दिलाया एशियाई खेल पदक



आइची-नागोया, 3 अक्टूबर। भारत के अनुभवी पहलवान दीपक पूनिया ने शनिवार को एशियाई खेल 2026 में पुरुषों के 97 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। दीपक ने कांस्य पदक मुकाबले में मंगोलिया के गंखुयाग गनबातर को 2-1 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने इस भार वर्ग में एशियाई खेलों में भारत को 60 साल बाद पदक दिलाया। दीपक ने मुकाबले के शुरुआती दौर में दो अंक हासिल कर बढ़त बनाई। दूसरे दौर में मंगोलियाई पहलवान ने एक अंक हासिल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन दीपक ने आखिरी क्षणों में शानदार रक्षात्मक कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए अपनी बढ़त कायम रखी और 2-1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारतीय महिला गोल्फ टीम ने रचा इतिहास टीम स्पर्धा में पहली बार जीता रजत, प्रणवी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता स्वर्ण



आइची-नागोया, 3 अक्टूबर। भारत की प्रणवी उर्स ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों में महिला गोल्फ का पहला स्वर्ण पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। मैसूर में जन्मी प्रणवी अंतिम दौर से पहले 15 अंडर 195 के स्कोर के साथ शीर्ष पर थीं और उनके पास सिंगापुर की शैनन शुआन यिन टैन पर तीन शॉट की बढ़त थी। चीन की रुओनिंग यिन तीसरे स्थान पर थीं। प्रणवी का यह प्रदर्शन भारतीय महिला गोल्फ के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है और एशियाई खेलों में महिला गोल्फ में भारत के पहले स्वर्ण पदक के रूप में दर्ज हुआ। भारत की महिला गोल्फ टीम ने एशियाई खेलों में इतिहास रचते हुए पहली बार टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। प्रणवी उर्स, अदिति अशोक और दीक्षा डागर की भारतीय तिकड़ी ने संयुक्त रूप से 14 अंडर पार का स्कोर हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया।

अमन ने 57 किग्रा. फ्रीस्टाइल में रचा इतिहास, विश्व चैम्पियन को हराकर जीता स्वर्ण



आइची-नागोया, 3 अक्टूबर। भारत के अमन सहरावत ने एशियाई खेल 2026 में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग में उत्तर कोरिया के मौजूदा विश्व चैंपियन हान चोंग सोंग को 11-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। यह एशियाई खेलों में 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर मौजूद अमन ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2025 विश्व चैंपियन हान चोंग सोंग को अंकों के आधार पर 11-7 से हराया। मुकाबला शुरुआत में बेहद करीबी रहा और दोनों पहलवान शुरुआती दौर में बराबरी पर रहे। अमन ने सबसे पहले अंक हासिल कर बढ़त बनाई। मुकाबला निर्णायक दौर में पहुंच चुका था लेकिन आखिरी मिनट से भी कम समय रहते अमन ने शानदार दांव लगाकर हान चोंग सोंग को पलटा और अहम अंक हासिल किए। इसके बाद भारतीय पहलवान ने अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 11-7 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

कुमकुम मोहोद ने रचा इतिहास, एशियाई खेलों में रिकर्व व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी



ओकाजाकी, 3 अक्टूबर। भारत की 17 वर्षीय तीरंदाज कुमकुम अनिल मोहोद ने एशियाई खेलों में इतिहास रच दिया। कुमकुम ने शनिवार को महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के स्वर्ण पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया की ओ येजिन को शूट-ऑफ में 6-5 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही वह एशियाई खेलों में रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनकी इस जीत से भारत को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए एक व्यक्तिगत कोटा स्थान भी मिला।

51वीं सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का शुभारंभ

जयपुर, 3 अक्टूबर। योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के तत्वावधान में तथा योग फेडरेशन ऑफ इंडिया की देखरेख में आयोजित चार दिवसीय 51वीं सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ शनिवार को अलंकार महिला पीजी महाविद्यालय, जयपुर परिसर में हुआ। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों से 900 से अधिक खिलाड़ी तथा 200 से अधिक तकनीकी अधिकारी भाग ले रहे हैं। चार दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न योगासन स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा, तकनीक, संतुलन, लचीलापन और प्रदर्शन कौशल का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री, राजस्थान डॉ. अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पूर्व मंत्री राजस्थान राजेंद्र सिंह यादव ने समारोह की अध्यक्षता की।

विंडीज ने जीता आखिरी वनडे, भारत ने सीरीज

निशिन, 3 अक्टूबर। भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला आज न्यू चंडीगढ़ में खेला गया। इस मुकाबले को मेहमानों ने पांच विकेट से जीत लिया। भारत ने पहले करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 351 रन बनाए। भारतीय टीम की तरफ से केएल राहुल ने शानदार शतक जड़ा जबकि रोहित शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। जवाब में वेस्टइंडीज ने शाई होप की नाबाद शतकीय पारी और आमिर जांगू के अर्धशतक की मदद से 48.2 ओवर में 352 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत ने इसी के साथ 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में पहले बल्लेबाजी करते



हुए केएल राहुल के शतक और रोहित शर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 351 रन बनाए। भारत के लिए विकेटकीपर लोकेश राहुल ने नाबाद 129 रन बनाए। अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 92 और ऋतुराज गायकवाड़ ने 57 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को तीसरे ओवर में दो बड़े झटके लगे। कप्तान शुभमन गिल एक रन और विराट कोहली बिना खाता खोले पहली गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। रोहित शर्मा 85 गेंद में 92 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

ऋतुराज गायकवाड़ 69 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुए। पहली बार बल्लेबाजी के लिए उतरे नमन धीर ने 21 गेंद में 30 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 69 गेंद में 57 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जस्टिन ग्रीव्स के शतक की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 295 रन बनाए। भारत ने ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में शुभमन गिल (110) और विराट कोहली (139) के शतकों की बदौलत 41.1 ओवर में 2 विकेट पर 300 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

टीम मेफेयर 84 ने जीती भावनगर पोलो ट्रॉफी

जयपुर, 3 अक्टूबर। वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत भावनगर पोलो ट्रॉफी (8 गोल्स) का फाइनल शनिवार रात को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर फ्लडलाइट्स की रोशनी में खेला गया। फाइनल में टीम मेफेयर पोलो और टीम मेफेयर 84 आमने-सामने रहीं। इस रोमांचक मुकाबले में टीम मेफेयर 84 ने 9-8 के स्कोर से टीम मेफेयर पोलो को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर अभिनेत्री डायना पेंटी और लारिसा बोनेसी भी मौजूद रहीं। उनकी उपस्थिति ने फाइनल मुकाबले के आकर्षण को बढ़ाया। मैच में बड़ी संख्या में दर्शक आरपीसी ग्राउंड पहुंचे और नाइट पोलो के रोमांच का आनंद लिया। टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का खिताब शमशीर अली ने जीता। विजेता टीम मेफेयर 84 से शमशीर अली ने 5 गोल और हुर्र अली ने 4 गोल कर टीम को जीत दिलाई। वहीं, टीम से प्रताप सिंह कानोता और अनय शाह भी खेले। दूसरी ओर, टीम मेफेयर पोलो से मार्टिन कार्लोस डोनोवन ने 5 गोल दागे। जबकि, जयवीरसिंह गोहिल ने 2 गोल और रणशय पुरोहित ने 1 गोल किया। टीम में कुलदीप सिंह राठौड़ भी शामिल रहे।

अंडर-19 सीजन से पहले आरसीए के चयन में बड़ा खेल, प्रमुख बल्लेबाज ही बाहर

जयपुर, 3 अक्टूबर। बीसीसीआई के आगामी घरेलू अंडर-19 सीजन से पहले राजस्थान क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों के चयन को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। आरसीए की ओर से अंडर-19 संभावित खिलाड़ियों के लिए आयोजित अभ्यास मैचों में जिन खिलाड़ियों ने बल्ले और गेंद से प्रभावशाली प्रदर्शन किया, उनमें से कुछ को अंतिम टीम में जगह नहीं मिलने से चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर चर्चा शुरू हो गई है। खास तौर पर अभ्यास मैचों के आंकड़ों और घोषित टीम के बीच दिखाई दे रहे अंतर ने कई सवाल खड़े किए हैं। अभ्यास मैचों में शिफान खान तीन पारियों में 206 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उनका बल्लेबाजी औसत 103.00 रहा। इसी तरह यथार्थ भारद्वाज ने 158 रन, रक्षित श्रीमाल ने 151 रन और आराध्या अग्रवाल ने दो पारियों में 139 रन बनाए। गौरव सैनी ने 126, दर्शन पचार ने 124 और अभय शर्मा ने 113 रन बनाए। गेंदबाजी में सुमित तेजी तीन पारियों में सात विकेट लेकर सबसे आगे रहे। उनके बाद हेमेंद्र सिंह राव और शिवम सोखल ने पांच-पांच विकेट हासिल किए। सिद्धांत सोनी, जगदीश चौधरी और अजय सियाग ने चार-चार विकेट लिए, जबकि सुमित सैनी ने तीन विकेट हासिल किए। अर्थात अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के स्तर पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में खिलाड़ियों के बीच स्पष्ट प्रतिस्पर्धा दिखाई दी। ऐसे में सवाल यह है कि टीम चयन के अंतिम निर्णय में प्रदर्शन के अलावा किन मानकों को आधार बनाया गया?

छह खिलाड़ियों को अचानक रिजर्व सूची में जोड़ने पर भी सवाल – चयन प्रक्रिया को लेकर सबसे अधिक चर्चा उन छह खिलाड़ियों को लेकर है, जिन्हें अचानक रिजर्व सूची में शामिल किया गया। उपलब्ध प्रदर्शन आंकड़ों को देखने के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या सभी खिलाड़ियों के चयन में समान मापदंड अपनाए गए? यदि अभ्यास मैचों के प्रदर्शन को चयन का महत्वपूर्ण आधार माना गया था, तो शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के अंतिम चयन अथवा रिजर्व सूची में स्थान को लेकर चयन समिति को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कुछ ऐसे खिलाड़ियों के नाम भी चर्चा में हैं, जिन्होंने अभ्यास मैचों में चयनित खिलाड़ियों की तुलना में बेहतर आंकड़े दर्ज किए, लेकिन उन्हें अंतिम 15 में स्थान नहीं मिला। ऐसे में खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों के बीच चयन प्रक्रिया के पारदर्शी मानकों को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन

राजस्थान के 21 शटलरों में 6 जीते, 15 हारे

जयपुर, 3 अक्टूबर। सुबह के सत्र में राजस्थान के ज्यादातर खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन खुशी की जीत ने मेजबान खेमे में खुशी की लहर दौड़ा दी। राजस्थान की खुशी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आंध्र प्रदेश की तान्याश्री को 18-16, 15-10 से पराजित कर ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। अंडर-15 बालक वर्ग में राजस्थान के लक्ष्यराज सिंह नाथावत ने कर्नाटक के गौरव एस. को 15-13, 15-3 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में मानस परवालने तेलंगाना के ऋषिकेष विराट को तीन गेम तक चले मुकाबले में 9-15, 15-0, 15-9 से शिकस्त दी। अंडर-15 बालिका वर्ग में मिराया फगेरिया ने दिल्ली की भारती फोगाट को 15-11, 15-11 से पराजित किया। अंडर-17 बालक वर्ग में फराज अत्तारी ने महाराष्ट्र के वियोम अग्रवाल को 15-12, 15-11 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। हालांकि राजस्थान की काव्या चौधरीको तेलंगाना की शिवांगी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 11-15, 15-8, 15-13 से हराया। अंडर-17 बालक वर्ग में तेलंगाना के चरण ने राजस्थान के रुद्राक्ष मिड्ढा को 15-12, 15-6 से शिकस्त दी। अंडर-17 बालिका वर्ग में कर्नाटक की मरिसा ने राजस्थान कीरिद्धी बत्रा को 11-15, 15-6, 15-9 से हराया। इसी तरह महाराष्ट्र के आदित्य ने राजस्थान के आर्यन प्रजापत को 15-1, 15-1 से शिकस्त दी। अंडर-15 बालक वर्ग में कर्नाटक के विशाल डी.ने राजस्थान के आर्य प्रताप को 15-7, 15-9 से हराया। अन्य मुकाबलों में पश्चिम बंगाल की स्वामुदुति घोष ने महाराष्ट्र के मयुरेश को 18-16, 15-8 से तथा महाराष्ट्र के राघवेंद्र यादव ने कर्नाटक के शिवराज को 7-15, 15-7, 15-11 से पराजित किया।

जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन भीलवाड़ा में होगा

जयपुर, 3 अक्टूबर। राजस्थान वुशू संघ व भीलवाड़ा जिला वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 04 से 06 अक्टूबर 2026 तक 20वी जूनियर राज्य स्तरीय (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता का आयोजन भीलवाड़ा में किया जा रहा है। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिलो के लगभग 400 खिलाडी व अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। गौरव आचार्य, आयोजन अध्यक्ष व अध्यक्ष भीलवाड़ा जिला वुशू संघ ने बताया कि इस प्रतियोगिता की सभी फाइट नाकआउट आधार पर खेली जायेगी।

रणजी के पहले दो मैचों के लिए राजस्थान टीम घोषित

मानव सुथार कप्तान, महिपाल लोमरोर उपकप्तान, तमिलनाडु और रेलवे से होंगे मुकाबले

जयपुर, 3 अक्टूबर। बीसीसीआई के आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले दो मुकाबलों के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने 15 सदस्यीय सीनियर टीम घोषित कर दी है। श्रीगंगानगर के मानव सुथार को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर महिपाल लोमरोर उपकप्तान होंगे। टीम का कैंप 4 अक्टूबर से आरसीए अकादमी, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। राजस्थान अपने अभियान की शुरुआत11 अक्टूबर से तमिलनाडु के खिलाफ एसएमएस स्टेडियम, जयपुर मेंकरेगा। यह मुकाबला 14 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद टीम18 से 21 अक्टूबर तक रेलवे के खिलाफदूसरा मुकाबला खेलेगी।

राजस्थान टीम – मानव सुथार (कप्तान)- श्रीगंगानगर, रोहन राजबार- जयपुर, सचिन यादव- अलवर, सुमित गोदारा- श्रीगंगानगर, महिपाल लोमरोर (उपकप्तान)- नागौर, कार्तिक शर्मा- भरतपुर, करण लांबा- जयपुर, अंशुल गढ़वाल- सीकर, मुकुल चौधरी (विकेटकीपर)- चूरू, अजय कूकना- श्रीगंगानगर, आकाश सिंह- भरतपुर, चेतन शर्मा- भरतपुर, हेमंत चौधरी- चूरू, दानिश भाम्बू- हनुमानगढ़, दर्शन जैन (विकेटकीपर)- बांसवाड़ा, राजस्थान बनाम तमिलनाडु : 11 से 14 अक्टूबर, एसएमएस स्टेडियम, जयपुर, राजस्थान बनाम रेलवे : 18 से 21 अक्टूबर, स्थान सूची में उल्लेखित नहीं, कैंप:4 अक्टूबर से आरसीए अकादमी, जयपुर।

राजकुमार और कुणाल पर आरसीए की क्रिकेट गतिविधियों में तत्काल रोक, तीन सदस्यीय जांच समिति गठित

जयपुर, 3 अक्टूबर। एएम स्क्वायर ग्राउंड, जयपुर में 2 अक्टूबर को खेले गए टीम-ए और टीम-सी के अभ्यास मैच के दौरान राजकुमार सैनी और कुणाल सिंह राठौड़ के बीच हुई गंभीर घटना को राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने गंभीरता से लिया है। मामले की जांच के लिए आरसीए एडमिनिस्ट्रेटर ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। घटना के संबंध में मैच रेफरी, मैच अंपायरों के अलावा दोनों संबंधित खिलाड़ियों राजकुमार सैनी और कुणाल सिंह राठौड़ की रिपोर्ट एवं बयान प्राप्त हो चुके हैं। इन सभी रिपोर्ट और बयानों के आधार पर समिति मामले की विस्तृत जांच करेगी।

तीन सदस्यीय समिति गठित – जांच समिति मेंमैच रेफरी अतुल भैटा को अध्यक्ष, जबकिराजेश शर्मा (अंपायर)औरजाकिर हुसैन (सीनियर चयन समिति के सदस्य)को सदस्य बनाया गया है। समिति को उपलब्ध सभी रिपोर्ट और बयानों का परीक्षण कर अपने निष्कर्ष एवं सिफारिशें जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जांच पूरी होने तक क्रिकेट गतिविधियों से बाहर – आरसीए ने जांच पूरी होने और समिति की रिपोर्ट आने तकराजकुमार सैनी और कुणाल सिंह राठौड़ को आरसीए की किसी भी क्रिकेट गतिविधि में भाग लेने से तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधितकर दिया है। ऐसे में दोनों खिलाड़ी फिलहाल आरसीए से जुड़ी किसी भी क्रिकेट गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

अंडर-23 में भीलवाड़ा और पाली की शानदार जीत

जयपुर, 3 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में शुक्रवार से शुरू हुई राज्य स्तरीय अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिनपाली और भीलवाड़ा ने जीत के साथ अभियान शुरू किया। पाली ने चूरू को सात विकेट से हराया, जबकि भीलवाड़ा ने अलवर को दो विकेट से शिकस्त दी।

चूरू 179 रन पर ढेर, पाली ने तीन विकेट पर हासिल किया लक्ष्य – चूरू की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए179 रन पर ऑलआउटहो गई। देवदक्ष सिंह ने 52, सचिन चौधरी ने 29 और आंजनेय शर्मा ने नाबाद 15 रन बनाए। पाली की ओर सेचंद्रपाल सिंह ने 13 रन देकर तीन विकेटलिए, जबकि अयन, समर्थ और केतन जोशी ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में पाली नेतीन विकेट पर 180 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।काव्यांश राजपुरोहित ने 61, मितेश जांगिड़ ने 34, मोहित ने नाबाद 33 और महेश ने नाबाद 23 रन बनाए।

सौरभ का दोहरा शतक बेकार, सर्वज्ञ की 144 रन की पारी से भीलवाड़ा जीता – दूसरे मुकाबले में अलवर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए305 रनबनाए। सौरभ कुमार गोदारा ने शानदार 206 रनकी पारी खेली। शिवम ने 43 और मानव ने 26 रन का योगदान दिया। भीलवाड़ा के अंश चतुर्वेदी और अनिल दारा ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भीलवाड़ा नेपांच विकेट पर 307 रन बनाकर जीत दर्ज की।सर्वज्ञ पानेरी ने शानदार144 रनबनाए, जबकि ग़ज़ल शर्मा ने नाबाद 72 और अपूर्व शर्मा ने नाबाद 25 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। अलवर के राहुल ने दो विकेट लिए।

